Dainik Jagran, Kolkata, September 03, 2010

टीसीएस आईटी विज का कोलकाता राउंड आज

कोलकाता : देश के सबसे बड़े इंटर स्कूल टेक क्विज 'टीसीएस आईटी विज' का कोलकाता राउंड शुक्रवार को कलामंदिर में आयोजित होगा। इसमें महानगर के विभिन्न स्कूल शिरकत कर रहे हैं। राज्य के आईटी मंत्री डा. देबेश दास इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रव्यापी इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आठवीं से 12वीं कक्षा तक के दो लाख स्कूली बच्चों के भाग लेने का अनुमान है। क्षेत्रीय राउंड कोलकाता के अलावा चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद, बंगलोर, कोयम्बटूर, पुणे, भुवनेश्वर, कोच्चि, लखनऊ, दिल्ली व मुम्बई में हो रहे हैं जिसके बाद दिसम्बर में नेशनल राउंड होगा जिसमें क्षेत्रीय राउंड की 12 विजयी टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। टेक क्विज का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की तरफ से किया जाता है। टीसीएस कोलकाता के परिचालन प्रमुख श्रीधर बक्शी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के जरिये युवाओं को आईटी के बारे में काफी कुछ जानने को मिलेगा।